पौधरोपण कर हरियाली का दूत बना शिक्षा बोर्ड

दैनिक जागरण की मुहिम के साथ जुड़ लगाए पौधे, नगालैंड के शिक्षा बोर्ड के सदस्यों ने भी किया पौधरोपण

जागरण संवाददाता, भिवानी : दैनिक जागरण के एक करोड़ पौधे लगाने के मिशन को बृहस्पतिवार को बड़ी सफलता मिली। इस मिशन में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने भी समर्थन देते हुए 500 पौधे लगाने का आह्वान किया। बृहस्पतिवार को हरियाणा बोर्ड के चेयरमैन व नागालैंड बोर्ड के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दैनिक जागरण के मिशन को समर्थन देते हुए पहले ही दिन 100 से ज्यादा पौधे लगाए। अधिकारियों की टीम सुबह दस बजे ही शिक्षा बोर्ड परिसर स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल में पहुंच गई और नागालैण्ड टीम के साथ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह व सभी उप-सचिव एवं सभी सहायक सचिवों ने पौधारोपण किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन जगबीर सिंह ने कहा कि दैनिक जागरण का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। पौधे लगाना पर्यावरण की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी बहुत ही उत्तम कार्य है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधे लगाए जा रहे हैं। पहले ही दिन 100 पौधे लगा दिए गए हैं। नागालैंड बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी इलुहिंग ने कहा कि दैनिक जागरण समाचार पत्र इस तरह के अभियान चलाकर वास्तव में ही समाज हित का कार्य कर

शिक्षाबोर्ड स्थित सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण करते शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह साथ में नागालैंड शिक्षा बोर्ड की टीम। जागरण